राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1047 / 2022 दिनांकः 24 अगस्त, 2022

सेवा में, **अनुस्मारक**

प्राचार्य / प्राचार्य / प्रबन्धक
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः पी0एम0 गति शक्ति स्टेट पोर्टल विकसित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विशेष सचिव उच्च शिक्षा अनुभाग–4 उत्तर प्रदेश शासन के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र आर0एम0पी0यू0 / 929 / 2022 दिनांकः 03 अगस्त, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें निर्देशित किया गया था कि पी0एम0 गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से सम्बन्धित सूचना महाविद्यालय लागिन पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भरना सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि यथा तिथि तक मात्र 61 महाविद्यालयों द्वारा सूचना प्रेषित की गयी है, यह स्थिति अत्यन्त चिन्ताजनक है। विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिनांकः 24 अगस्त, 2022 की आनलाईन बैठक में निर्देशित किया गया कि वांछित सूचना 03 दिवस में पूर्ण कर प्रेषित करें।

तद्नुसार पुनः निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय लागिन पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से उक्त सूचना दिनांकः 27 अगस्त, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आगरा / अलीगढ़।
3. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु तथा सम्बन्धित महाविद्यालयों को कालेज लॉगिन पर प्रेषित किये जाने हेतु।
4. गार्ड फाइल।

सहा0कुलसचिव